## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 06.02.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने पीपीपी मोड पर प्रस्ताविक वृहत आतिथ्य एवं पर्यटन परियोजनाओं पर प्रस्तुतिकरण की समीक्षा की।
- द्वीप प्रशासन द्वारा पशुओं से जुड़ी संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए द्वीपों के मुख्य प्रवेश और निकासी द्वार पर चेक पोस्ट बनाया गया है।
- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के निर्वाचन आयोग ने 8 फरवरी को उप–चुनाव की घोषणा की है।
- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह बैडमिंटन संघ की ओर से मास्टर्स वेटरन बैडमिंटन चैंपियनशिप एवं चयन ट्रायल का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने अनिडको के प्रबंध निदेशक और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ श्री विजयपुरम क्षेत्र में पीपीपी मोड पर प्रस्ताविक वृहत आतिथ्य एवं पर्यटन परियोजनाओं के नए चरण से संबंधित द्वीप प्रशासन और अनिडको द्वारा प्रस्तुत प्रस्तुतिकरण की समीक्षा की। इसके बाद उप–राज्यपाल ने संबंधित अधिकारियों के साथ प्रस्तावित स्थलों का निरीक्षण भी किया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन की ओर से द्वीपसमूह में पशुओं से जुड़ी संक्रामक बीमारियों की रोकथाम और नियंत्रण को लेकर कदम उठाए गए हैं। प्रिवेंशन एंड कंट्रोल ऑफ इन्फेक्शियस एंडउ कंटेजियस डिज़ीज़ेस इन एनिमल्स एक्ट, 2009 तथा वर्ष 2017 के संबंधित नियम के तहत उप–राज्यपाल ने द्वीपसमूह में विभिन्न प्रवेश और निकासी द्वार पर चेक पोस्ट और क्वारंटाइन शिविरों के लिए नामित पशु चिकित्सों की तैनाती को अधिसूचित किया है। इसका उद्देश्य द्वीपों में आने–जाने वाले पशुओं की जांच, निगरानी और जरूरत पड़ने पर उन्हें क्वारंटाइन में रखकर बीमारियों के प्रसार को रोकना है। दक्षिण अंडमान क्षेत्र में हैडो जेट्टी और वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के कार्गो प्रभाग को चेक पोस्ट बनाया गया है। इसके अलावा सीपीघाट और जिरकाटांग, जबकि मध्योत्तर अंडमान में बाराटांग जेट्टी और रंगत जेट्टी के साथ

मायाबंदर, ऑस्टिन ब्रिज, एरियल बे तथा डिगलीपुर क्षेत्र में भी निगरानी व्यवस्था की गई है। कार निकोबार क्षेत्र में हटबे, कार निकोबार, ननकौड़ी द्वीपों की कमोर्टा, कच्छाल और तेरेसा जेट्टी शामिल है।

<><><><><><><>

बर्मानाला स्थित श्री महादेव मंदिर समिति की ओर से महाशिवरात्रि के अवसर पर महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम आज से 15 फरवरी तक चलेगा। आज दिन में साढ़े ग्यारह बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। पूजा–अर्चना के कार्यक्रम सुबह साढ़े चार बजे से रात्रि आठ बजे तक चलेगा। श्रद्धालुओं के लिए प्रतिदिन अन्नदानम की व्यवस्था की गई है।

<><><><><><><>

चिन्मय मिशन की ओर से परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के लिए 8 फरवरी को विशेष गणपति होमम् का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 8 बजे शुरू होगा। इस दौरान विद्यार्थियों के लिए परामर्श सत्र का भी आयोजन किया गया है, जिसमें परीक्षा संबंधी तनाव, एकाग्रता, समय प्रबंधन तथा सकारात्मक सोच जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी।

<><><><><><><>

विज्ञान केन्द्र में कल शाम 5.30 बजे से स्काई शो कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस प्रदर्शन में बृहस्पति ग्रह और शनि ग्रह के बारे में जानकारी दी जाएगी। आम जनता बृहस्पति ग्रह और उसके उपग्रहों को देखने का अनुभव प्राप्त कर सकते हैं। स्काई शो के लिए प्रवेश शुल्क प्रति व्यक्ति 10 रुपये है। इसके अलावा, शाम छ बजकर पैंतालीस मिनट पर एक बबल शो और शाम छः बजकर पन्द्रह मिनट से जुरासिक पार्क ध्वनि–प्रकाश शो होगा और 3डी शो शाम साढ़े पांच बजे से छः बजकर पैंतालीस मिनट तक चलेगा। बबल शो और 3D शो के लिए प्रवेश शुल्क प्रत्येक कार्यक्रम के लिए प्रति व्यक्ति 10 और 20 रुपये निर्धारित किया गया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के निर्वाचन आयोग ने ग्राम पंचायत सदस्य निर्वाचन क्षेत्रों में आकस्मिक रिक्तियों को भरने के लिए 8 फरवरी को उप–चुनाव की घोषणा की है। ये उप–चुनाव डिगलीपुर तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत मधुपुर का मधुपुर–6, रंगत तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत बकुलतला का बकुलतला–3, फरारगंज तहसील के ग्राम पंचायत मन्नारघाट का मन्नारघाट–4, ग्राम पंचायत होपटाउन का बम्बूफ्लाट–1 और इसके अलावा जिला परिषद सदस्य, मायाबंदर तथा श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद

के वार्ड नम्बर–17 के वार्ड पार्षद के लिए होगा। इस सिलसिले में निर्वाचन आयोग द्वारा मतगणना केन्द्रों और स्ट्रांग रूम की सूची जारी की गई है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त ने आगामी उप–चुनावों के मद्देनजर मतदान और मतगणना के दिन "ड्राई डे'' घोषित किया है। 08 फरवरी को मतदान और 10 तारीख को मतगणना की जाएगी। यह आदेश फरारगंज तहसील के अंतर्गत  ग्राम पंचायत मन्नारघाट और होप टाउन के संपूर्ण क्षेत्र के अलावा श्री विजय पुरम नगरपालिका परिषद के वार्ड नंबर 17 का संपूर्ण क्षेत्र में लागू होगा। इस दौरान इन क्षेत्रों में स्थित किसी भी शराब की दुकान, होटल, रेस्तरां, क्लब या प्रतिष्ठान को  शराब बेचने या परोसने की अनुमति नहीं होगी। यह आदेश अनिडको, सीएसडी कैंटीन, रक्षा कैंटीन, पुलिस मेस और सभी निजी बार लाइसेंसधारियों पर भी लागू रहेगा। उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह बैडमिंटन संघ की ओर से 21 और 22 फरवरी को मास्टर्स वेटरन बैडमिंटन चैंपियनशिप एवं चयन ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता में पैंतीस से 75 वर्ष से अधिक आयु वर्ग तक के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। यह चैंपियनशिप आगामी अड़तालीसवीं भारतीय मास्टर्स राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप के लिए खिलाड़ियों के चयन के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। राष्ट्रीय स्तर की यह प्रतियोगिता 18 से 25 मार्च तक गोवा में आयोजित होगी, जिसमें चयनित खिलाड़ी द्वीपसमूह का प्रतिनिधित्व करेंगे। इच्छुक खिलाड़ी अपनी प्रविष्टियाँ 19 फरवरी तक गूगल फॉर्म के माध्यम से जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए नेताजी स्टेडियम स्थित राज्य ओलंपिक संघ से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

द्वीपों की साइक्लिस्ट नोमिता वायलेट ने अंतरराष्ट्रीय तथा राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वीपसमूह का नाम गौरवान्वित किया है। उन्होंने इस वर्ष जनवरी में चेन्नई में आयोजित ट्रैक एशिया कप में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी असाधारण प्रतिभा, दृढ़ संकल्प और उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय दिया। नोमिता वायलेट अगले महीने फिलीपींस में होने वाली एशियन ट्रैक साइक्लिंग चैम्पियनशिप में द्वीपसमूह का प्रतिनिधित्व करेंगी।

<><><><><><><>

# <u>समाचार पत्रों की सुर्खियां</u>

**द डेली टेलीग्राम्स** ने उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी के मुख्य सचिव और अनिडको के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ श्री विजयपुरम क्षेत्र में पीपीपी मोड पर प्रस्तावित वृहत आतिथ्य एवं पर्यटन परियोजनाओं के नए चरण से संबंधित प्रस्तुतिकरण की समीक्षा करने के समाचार को प्रमुखता से सचित्र प्रकाशित किया है। **द्वीप समाचार** ने 8 फरवरी को होने वाले उप–चुनाव के लिए स्ट्रांग रूम और मतगणना केन्द्रों का विवरण जारी करने के समाचार को प्रमुखता दी है। इसके अलावा अखबार ने पायलट योजना के तहत अनिडको द्वारा बकरी दूध का संग्रह, प्रसंस्करण और बिक्री शुरू करने के समाचार को भी प्रकाशित किया है। **द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी** ने नगरपालिका क्षेत्र में सुचारू जलापूर्ति के लिए चार उच्च क्षमता वाले वाटर पाइप को मंजूरी दिए जाने के समाचार को अपने अखबार के मध्य में जगह दी है। **द इको ऑफ इंडिया** ने मायाबंदर स्थित पीएमएफ की त्वरित कार्रवाई से बहते हुए मछली पकड़ने वाले जहाज को बचाने के समाचार को प्रमुखता दी है, जबकि महात्मा गांधी कॉलेज में विश्व आर्द्र भूमि दिवस मनाए जाने के समाचार को **इंफो इंडिया** ने अपनी हेडलाइन बनाई है।

<><><><><><><>